**1. किस प्रतिहार शासक को राष्ट्रकूट शासक दंतिदुर्ग ने हिरण्यगर्भ यज्ञ के समय द्वारपाल या प्रतिहार बनाया था?**
(a) नागभट्ट-प्रथम
(b) नागभट्ट-द्वितीय
(c) देवराज
(d) अल्हट

**2. किस प्रतिहार शासक को "इंद्र के दंभ का नाशक" कहा गया है?**
(a) वत्सराज
(b) देवराज
(c) नागभट्ट-प्रथम
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3. बयाना के युद्ध के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
**(A) बयाना स्थान हरियाणा में स्थित है।**
**(B) इस युद्ध में बाबर की विजय हुई थी।**
**कूट:**
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A व B दोनों
(d) ना तो A, ना ही B

**4. कर्नल जेम्स टॉड ने निम्न में से किस शासक को 'सैनिक भग्नावेश' कहा है?**
(a) राणा कुंभा
(b) राणा सांगा
(c) राणा प्रताप
(d) राणा उदयसिंह

**5. महाराणा उदयसिंह के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
**(A) राणा उदयसिंह ने 1559 ई. में धुणी नामक स्थान पर उदयपुर की स्थापना की थी।**
**(B) उदयसिंह ने उदयपुर में पिछोला झील के किनारे राजमहल का निर्माण करवाया था।**
**कूट :**
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A व B दोनों
(d) ना तो A ना ही B

**6. अकबर ने महाराणा प्रताप को समझाने हेतु तीसरे शिष्टमंडल के रूप में किसे भेजा था?**
(a) भगवंतदास
(b) जलाल खाँ कोरची
(c) मानसिंह-प्रथम
(d) टोडरमल

**7. नाथद्वारा में श्रीनाथजी मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) महाराणा अमरसिंह-प्रथम
(b) महाराणा कुंभा
(c) महाराणा जगतसिंह-प्रथम
(d) महाराणा राजसिंह

**8. आमेर में जगत शिरोमणि मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) सवाई जयसिंह
(b) रानी कनकावती
(c) कोकिल देव
(d) भारमल

**9. जयपुर को गुलाबी रंग से किस शासक ने रंगवाया था?**
(a) सवाई प्रतापसिंह
(b) सवाई जयसिंह
(c) सवाई रामसिंह-द्वितीय
(d) सवाई मानसिंह

**10. जयपुर के किस शासक ने 5000 मराठों का कत्ले-आम करवाया था?**
(a) सवाई माधोसिंह -I
(b) सवाई पृथ्वीसिंह
(c) मिर्जा राजा जयसिंह
(d) सवाई प्रतापसिंह

**11. सांभर की संधि-II किस-किस के बीच हुई?**


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) भारमल-अकबर
(b) प्रताप-भगवानदास
(c) महादजी सिंधिया-सवाई प्रतापसिंह
(d) विजयसिंह-सवाई ईश्वरीसिंह

**12. 1818 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी से जयपुर के कौन-से कच्छवाहा शासक ने संधि की?**
(a) सवाई प्रतापसिंह
(b) पृथ्वीराज
(c) सवाई जगतसिंह-द्वितीय
(d) महाराजा विष्णुसिंह

**13. गिरी-सुमेल के युद्ध में शेरशाह सूरी की सहायता करने हेतु कौन सेना लेकर आया?**
(a) हाजी खाँ नागौरी
(b) जलाल खाँ जलवानी
(c) कल्याणमल
(d) अकबर

**14. निम्नलिखित में से "मतीरे की राड़" नामक युद्ध कब हुआ था?**
(a) 1644 ई.
(b)1526 ई.
(c) 1546 ई.
(d)1761 ई.

**15. निम्नलिखित में से किसने मुहणोत नैणसी को राजस्थान का अबुल फजल कहा था?**
(a) नवीन कवि
(b)नर हरिदास
(c) मुंशी देवी प्रसाद
(d)जसवंत सिंह-I

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–**
**(1) दुर्गादास राठौड़ को देश निकाला अजीतसिंह ने दिया।**
**(2) दुर्गादास राठौड़ को संग्रामसिंह-II ने शरण दी।**
**(3) दुर्गादास राठौड़ को संग्रामसिंह-II ने केलवा की जागीर दी।**
**(4) दुर्गादास राठौड़ की मृत्यु मारवाड़ में हुई।**
**उपर्युक्त में से असत्य कथनों का चयन कीजिए-**
(a) केवल 4
(b) 3 व 4
(c) 2, 3 व 4
(d) 1, 2 व 3

**17. कर्ण सिंह को 'जांगलधर बादशाह' की उपाधि किस मुगल शासक ने प्रदान की थी?**
(a) अकबर
(b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर
(d) औरंगजेब

**18. जूनागढ़ के मुख्य प्रवेश द्वार पर किसकी गजारूढ़ मूर्तियाँ लगवाई गई थी?**
(a) जयमल-फत्ता
(b) गोरा-बादल
(c) आल्हा-उदल
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19. भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला पहला शासक कौन था?**
(a) महाराजा गंगा सिंह
(b) महाराजा सार्दुल सिंह
(c) महाराजा डूँगर सिंह
(d) महाराजा हनुवन्त सिंह

**20. महाराजा गंगा सिंह द्वारा जीर्णोद्धार करवाए गए –**
(a) गोगाजी मंदिर का जीर्णोद्धार
(b) रामसरोवर का जीर्णोद्धार
(c) भटनेर दुर्ग में स्थित मंदिरों का जीर्णोद्धार
(d) उपर्युक्त सभी

**21. राव लूणकर्ण की दानशीलता का वर्णन किस ग्रंथ में किया गया है?**
(a) जैतसी रो छंद
(b) कर्मचन्द्रवंशोंकीर्तिनकं
(c) मैथिली शराणगंद



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22. 'नागरीदास' किस राठौड़ शासक को कहा गया?**

(a) महाराजा मानसिंह

(b) महाराजा सावंतसिंह

(c) महाराजा भीमसिंह

(d) महाराजा गजसिंह-II

**23. मेवाड़ से सर्वप्रथम वैवाहिक संबंध स्थापित करने वाला जालोर का सोनगरा चौहान शासक था–**

(a) चाचिगदेव

(b) कान्हड़देव

(c) सामंतसिंह

(d) उदयसिंह

**24. 1308 ईस्वी में सिवाणा पर अधिकार करने के बाद अलाउद्दीन ने सिवाणा का प्रबंधक किसे नियुक्त किया था?**

(a) अबुल फजल

(b) अमीर खुसरो

(c) उलुग खाँ

(d) कमालुद्दीन गुर्ग

**25. किसके विश्वासघात के कारण अलाउद्दीन की जालोर विजय सरल हुई?**

(a) भावले सरदार

(b) दहिया सरदार बीका

(c) रणमल

(d) रतिपाल

**26. चौहानों की प्रारंभिक राजधानी मानी जाती है–**

(a) अहिच्छत्रपुर

(b) अजमेर

(c) सांभर

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27. वह चौहान शासक जिसे अभिलेखों में "दुर्लभमेरु" कहा गया है–**

(a) विग्रहराज-II

(b) दुर्लभ राज-प्रथम

(c) विग्रहराज-तृतीय

(d) दुर्लभ राज-II

**28. अजमेर में प्रथम टकसाल का निर्माण करवाने वाला चौहान शासक था-**

(a) पृथ्वीराज चौहान - I

(b) पृथ्वीराज - III

(c) अजयराज

(d) सोमेश्वर चौहान

**29. रणथम्भौर का अंतिम चौहान शासक कौन था?**

(a) प्रहलाद

(b) वीरनारायण

(c) हम्मीर देव चौहान

(d) वल्हण

**30. राजस्थान के इतिहास का पहला प्रमाणित साका किस दुर्ग में हुआ था?**

(a) सिवाणा दुर्ग

(b) चित्तौड़गढ़ दुर्ग

(c) जालोर दुर्ग

(d) रणथम्भौर दुर्ग



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213